एक नजर में

सावन माह में निकली जाम सावली के लिए पदयात्रा

भैंसदेही। सावन माह के पावन अवसर पर ग्राम सावलमेंढ़ा से श्रद्धालुओं का एक जत्था जामसावली स्थित हनुमान मंदिर के लिए पदयात्रा पर रवाना हुआ। भक्तों ने हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के साथ यात्रा की शुरुआत की। इस आयोजन में ग्राम के युवाओं सहित वरिष्ठ जनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम के मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु भगवा ध्वज, डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव से होते हुए जामसावली की ओर रवाना हुए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह यात्रा वर्षों से चली आ रही परंपरा है, जो आस्था, एकता और संस्कार का प्रतीक है। यह पदयात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह ग्राम के लोगों की एकता और संस्कार को भी दर्शाती है। इस आयोजन में ग्राम के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। सावन माह में निकली जामसावली के लिए भक्ति पूर्ण पदयात्रा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो आस्था, एकता और संस्कार का प्रतीक है। इस आयोजन में ग्राम के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आस्था का प्रदर्शन किया।

जेईई, नीट एवं सीएएलटी कोचिंग प्रवेश परीक्षा 2 को

बैतूल। आकांक्षा योजना के अंतर्गत जेईई, नीट एवं सीएएलटी की कोचिंग के लिए कक्षा 10वी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति वर्ग के कुल 676 विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन किए है। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि इन विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा 2 अगस्त को समस्त विकासखंडों के उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर में दोपहर 12.30 बजे से 2.30 तक आयोजित होगी। उन्होंने समस्त आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि पर समय से 1 घंटा पूर्व प्रातः 11.30 बजे दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन की प्रतिलिपि, कक्षा 10वी की अंकसूची, आय प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ संबंधित विकासखण्ड के परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में किया पौधारोपण

बैतूल। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्धारित कार्ययोजना एवं पंच-ज अभियान के अंतर्गत बुधवार को शिवाजी नगर के आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पर्यावरण संरक्षण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा अन्य न्यायाधीशों एवं अधिकारियों के साथ अशोक, आम, अमरूद तथा टिकोमा आदि प्रजातियों के लगभग 80 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती संगीता भारती राठौर, सचिव जिला प्राधिकरण श्रीमती शर्मिला बिलवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग गौतम अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया, जिला प्राधिकरण कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

खातों में नहीं आई राशि, रंगबिरंगी ड्रेस पहनकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

नवभारत न्यूज

बैतूल, 30 जुलाई. स्वतंत्रता दिवस को महज चंद दिन शेष रह गये है, लेकिन अभी तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के खातों में स्कूल ड्रेस की राशि नहीं आई है।

अधिकारी बोले, अपडेट की जा रही प्रोफाइल

बच्चे कर रहे नई ड्रेस का इंतजार

बच्चे रंग-बिरंगी और पुरानी स्कूल ड्रेस पहनकर ही स्कूल पहुंच रहे है। यदि जल्द ही बच्चों के खातों में राशि नहीं पहुंची तो बच्चों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भी पुरानी और रंग-बिरंगी ड्रेस पर ही मनाना पड़ेगा। दरअसल सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकों के साथ-साथ नई स्कूल ड्रेस भी मिलती है। पहले स्व सहायता समूह के माध्यम से सिली हुई ड्रेस मिलती थी, लेकिन अब प्रक्रिया में बदलाव कर इस बार दो ड्रेस का कपड़ा खरीदने 600 रुपए के हिसाब से राशि बैंक खाते में दी जा रही है। जिससे बच्चे स्वयं अपने नाप की ड्रेस खरीद सकें। हालांकि इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि स्कूल ड्रेस के लिए जो भी जरूरी प्रक्रिया है, पूर्ण की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि राशि शासन स्तर से बच्चों के खाते में हस्तांतरित होगी, इसलिए यह बता पाना संभव नहीं है, कि राशि कब तक बच्चों के खातों में आयेगी, यह बता पाने में अधिकारी भी असमर्थता जाहिर कर रहे है। इधर अभिभावक भी स्कूल ड्रेस खरीदे या नहीं, इसे लेकर असमंजस में हैं।

बैंक खातों के अपडेशन का चल रहा काम : शिक्षा विभाग के मुताबिक ड्रेस की राशि देने बच्चों के बैंक अकाउंट का पोर्टल पर सत्यापन कर अपडेशन किया जा रहा है, पोर्टल की रफ्तार सुस्त है, जिससे काम में देरी हो रही है। विभाग का कहना है कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 लांच होने के कारण बीईओ स्तर पर ही लॉगिंग हो रही हैं। इस वजह से सभी बीईओ से डाटा एकत्रित किए जाने के बाद ही सही स्थिति बता पाएंगे।

> जैसे ही पोर्टल में नामांकन के वैरीफिकेशन का कार्य पूर्ण होगा, बच्चों के खातों में राशि आ जायेगी। पिछले बार स्वसहायता समूह द्वारा ड्रेस बांटी थी। इस बार बच्चों को खाते में ड्रेस की राशि दी जा रही है।
>
> **- भूपेंद्र सिंह वरकड़े,**
> प्रभारी डीपीसी,
> जिला शिक्षा केंद्र बैतूल

1 लाख 17 हजार से अधिक बच्चे

जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक करीब 117061 बच्चे अध्ययनरत है। लेकिन सरकारी स्कूलों में ड्रेस को लेकर अभी तक सिर्फ डाटा एकत्रित करने का काम चल रहा है। पालकों ने बताया कि ड्रेस को लेकर शिक्षक भी कुछ नहीं बता पा रहे है। जिसके कारण बच्चों को पुरानी स्कूल ड्रेस या रंग-बिरंगी ड्रेस पहनाकर स्कूल भेज रहे है। कई बच्चों की यूनिफार्म खराब हो गई है। यूनिफार्म खराब होने से बच्चे कलर ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे है। यदि बच्चों को स्कूल ड्रेस की राशि जल्द नहीं मिली तो बच्चे इन्हीं ड्रेस पर पूरा साल निकाल देगें। इस वर्ष कितने बच्चों को ड्रेस के लिए राशि दी जाना है, यह जानकारी तक जिला शिक्षा केंद्र के पास मौजूद नहीं है।

स्कूली बच्चे कर रहे बेसब्री से नई ड्रेस का इंतजार

स्कूल खुलते ही बच्चों को सबसे ज्यादा नई किताबें और ड्रेस का इंजतार होता है। यही लालच उन्हें स्कूल जाने और पढ़ाई करने के लिए उत्साहित भी करता है। अप्रैल में सत्र शुरू हुआ था, तब बच्चों से बच्चे बिना ड्रेस के स्कूल पहुंच रहे है, लेकिन जून और जुलाई आ गया, सरकारी स्कूल के बच्चों का इंतजार खत्म ही नहीं हो रहा। इधर अभिभावकों का कहना है कि स्कूल से ड्रेस या ड्रेस के लिए राशि मिलती है। इसलिए उन्होंने ड्रेस नहीं सिलवाई। अगर ड्रेस बनवा भी लेते है और स्कूल से भी ड्रेस ही मिलती है तो बच्चों के पास अतिरिक्त ड्रेस हो जायेगी और पालक भी को नुकसान होगा, इसलिए अभी जैसे तैसे पुरानी ड्रेस और कलर कपड़ों पर ही काम चला रहे है। कई बच्चों की तो स्कूल ड्रेस पुरानी होने के कारण काफी खराब भी हो चुकी है।

पुराने अस्पताल की भूमि पर नपा ने लगवाई राखी दुकान

मुलताई। पुराने अस्पताल कि भूमि पर नगरपालिका द्वारा राखी बाजार लगवाया गया है।

बीएमओ ने कहा, दो दिन में हटाए दुकानें

नगरपालिका सीएमओ को लिखा पत्र

बुधवार को ब्लॉक मेडिकल आफिसर गजेंद्र मीणा ने पुराने अस्पताल कि भूमि का निरीक्षण किया तो वहां राखी दुकाने लगी देखकर व्यापारियों से स्वास्थ्य विभाग से अनुमति लेने के दस्तावेज पूछे, जो कि व्यापारियों के पास नहीं थे। जिसके बाद बीएमओ गजेंद्र मीणा ने पत्र लिखकर 2 दिनों में अस्पताल कि भूमि रिक्त करने के लिए कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखा है। बीएमओ द्वारा लिखें पत्र में बताया नगर में मस्जिद के सामने पुराने अस्पातल की जमीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई के आधिपत्य की है,जिस पर भविष्य में अरबन पीएचसी बनाया जाना प्रस्तावित है। जिस पर आपके द्वारा स्वास्थ्य विभाग की अनुमति के बगैर अवैध रूप से राखी बाजार लगाकर दुकानों से राशी वसूल की जाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस संबंध में आपके द्वारा स्वास्थ्य विभाग को किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया गया ना ही आपके द्वारा अनुमति ली गई। इससे पहले भी उक्त जमीन राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाकर खाली कराई गई थी एवं मकानों की सामग्री भी आपके द्वारा बगैर अनुमति के नीलम कर दी गई थी।जिसकी सूचना आपके द्वारा स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई। आपके द्वारा अपनी मनमर्जी से स्वास्थ्य विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है।

नपा सारणी पहुंचे संभागीय अधिकारी जेडी मंडलोई

सारणी। नर्मदापुरम संभाग के संभागीय अधिकारी जेडी मंडलोई ने बुधवार को नगर पालिका परिषद सारनी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अभी 8 दिन पहले ही नर्मदा पुरम संभागीय स्तर पर कार्यरत वाहन हूं आज सारणी नगर पालिका का औचक निरीक्षण करने आया हूं। उनके साथ उपस्थिति में सीएमओ सी.के. मेश्राम, नगर पालिका के अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के पश्चातअधिकारी मंडलोई ने नगर पालिका कार्यालय में बैठक ली, जिसमें उन्होंने चल रहे विकास कार्यों, निर्माण गतिविधियों एवं नागरिक सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर परिषद द्वारा संचालित प्रत्येक कार्य जनहित को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर सीएमओ मेश्राम ने कहा कि प्रशासनिक निर्देशों का पूर्णत: पालन किया जाएगा और नगर के विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में संपन्न किया जाएगा। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान मंडलोई ने शहर की सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय प्रणाली, निर्माणाधीन परियोजना और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। नगर परिषद द्वारा संभागीय अधिकारी के दौरे को एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, जिससे विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है।

मोहित गर्ग बने मीडिया प्रभारी

बैतूल। जिला वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की बैतूल जिला इकाई की कार्यकारिणी पुर्नगठित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष अखिलेश गोठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महामंत्री हेमंत पगारिया, अनिल बांगड, संजय अग्रवाल, निर्मल सुराणा, पन्नालाल जायसवाल, जिला मंत्री जगदीश अग्रवाल, उमेश पेठे, श्रीमती रेखा शिवहरे, जिला कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह रूनवाल, मीडिया प्रमुख मोहित गर्ग, जिलाध्यक्ष युवा ईकाई अनंत अग्रवाल, आर. पी. सोनी, अरविंद कुमार मालवीय कार्यालय मंत्री, बैतूल, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय खंडेलवाल भौरा, जयश संघवी, महेंद्र (पिल्लु) जैन, अभिषेक खंडेलवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुलताई को बनाया गया। तहसील अध्यक्ष शाहपुर विक्की नायक, घोडाडोंगरी डॉ. कृष्ण गोपाल अग्रवाल, चिचोली जितेन्द्र सुर्यवंशी, मुलताई देवेन्द्र (जैन) धोपाड़े, आमला संजय साहू, भैंसदेही विनोद सोनी, आठनेर रजनीश जायसवाल, महिला कार्यकारिणी बैतूल जिला महिला इकाई अध्यक्ष अमिता गुप्ता, संरक्षक राजकुमारी जैन, जिला प्रभारी प्रेमलता खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष विनीत गर्ग, जिला महामंत्री नूतन लुहाडिया, जिला मंत्री माधुरी खंडेलवाल जिला कोषाध्यक्ष अंजना खंडेलवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रदा खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य ममता खंडेलवाल, सरिता खंडेलवाल, कंचन जैन को नियुक्त किया है।

चंदोरा कला 2 के स्थान पर सिरसावाड़ी का नाम

मुलताई। प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम चंदोरा कला के स्थान पर आधार कार्ड में नाम ग्राम सिरसावाड़ी लिखा आ रहा है, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण परेशान है।

ग्राम के नाम में त्रुटि सुधार करने कि मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। ग्रामीण राजेश बोरबन, भीमराव बरोदे, नितिन बारस्कर, अंकेश विश्वकर्मा, दिनेश देशमुख, ज्ञानेश्वर अतुलकर, पुष्पराज मालवी सहित ग्रामीणों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया वर्ष 1985 में शासन द्वारा ग्राम चंदोरा कला बांध की स्थापना की है। उसी आधार पर ग्राम चन्दोरा कला क्रमाक 2 के ग्रामीणो के दस्तावेज बने है।लेकिन वर्तमान में ग्राम चन्दोरा कला क्रमांक 2 के स्थान पर ग्राम सिरसावाडी लिखा आ रहा है जो त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधारकर ग्राम सिरसावाड़ी के स्थान पर चन्दोरा कला क्रमांक 2 किया जाए,जिससे ग्रामीणो एवं कृषको को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों राजस्व रिकार्ड सहित अन्य दस्तावेजो में सिरसावाड़ी के स्थान और चंदोरा कला क्रमांक 2 किए जाने कि मांग कि है। जिससे ग्रामीणों का परेशानियों से छुटकारा मिल सके।

शव रखने के लिए लोगों को नि :शुल्क मिलेगा बॉडी फ्रिजर

मुलताई। नगरवासियो को शव रखने के लिए बॉडी फ्रिजर निशुल्क दिया जाएगा। समिति के लोकेश रवि यादव ने बताया श्री राम जन्मोत्सव समिति बस स्टैंड द्वारा सामाजिक कार्यो मे के हिस्सा लेने वाले एवं समिति के सक्रिय सदस्य रहे स्वर्गीय मोहित पाल की स्मृति मे बॉडी फ्रिज़र लाया गया 7 जो कि निशुल्क सेवा के रूप मे समिति द्वारा दिया गया। वहीं आक्सीजन सिलेंडर, विल चेयर, होस्पिटलिटी बेड जैसी सेवा के लिए सम्पर्क कर सकते है।

नशा जीवन एवं समाज को बर्बाद करता है : गुप्ता

शाहपुर। शासन के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा नशामुक्ति अभियान की प्रभावी शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत सीएम राइस स्कूल एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बच्चों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में समाजसेवी अरुण कुमार तिवारी, कमल किशोर परसाई, अनिल कुमार जैन, ओमप्रकाश गुप्ता, गोवर्धन गुप्ता पत्रकार, जितेंद्र दीक्षित, सुनील घिघोड़े समेत शालेय परिवार तथा पुलिस विभाग

के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवर्धन गुप्ता ने कहा, नशा एक ऐसा विषय है जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र पर भी गहरा असर डालता है। उन्होंने आगे कहा कि नशा शरीर और मन दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक होता है, जो व्यक्ति को उसकी वास्तविकता से दूर ले जाकर आत्म-विनाश की ओर धकेलता है। ओमप्रकाश गुप्ता और जितेंद्र दीक्षित ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आधुनिक समाज में नशे की प्रवृत्तियाँ तेजी से बढ़ रही हैं।

मानव दुर्व्यापार के खिलाफ विश्व दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

भैंसदेही। मानव दुर्व्यापार के खिलाफ विश्व दिवस पर पीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चोपनी खुर्द में आवाज संस्था और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक श्रीमति प्रीति पाटिल जी ने नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को किसी भी तरह का नशा नहीं बेचा जा सकता है। इस अवसर पर आवाज संस्था भोपाल के निदेशक प्रशान्त दुबे ने मानव

दुर्व्यापार की गम्भीरता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश से प्रतिदिन 32 बच्चे गुम रहे हैं, जिनमे से बहुत से बच्चे दुर्व्यापार का शिकार हो जाते हैं। बच्चों को लालच और प्रलोभनों से बचना होगा। इसके पहले आवाज के जिला समन्वयक भूपेंद्र लोखंडे ने दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा कभी गुमे नहीं। इस मौके पर स्कूल प्रभारी प्राचार्य संजय मालवीय ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के बीच किये जाने आवश्यक हैं। बच्चे यदि जागरूक होंगे तो वे परिवार और समाज को भी जागरूक करेंगे। उन्होने पुलिस विभाग और आवाज संस्था का आभार माना। इस कार्यक्रम में भोपाल से समन्वयक रूपेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थीं एवं बैतूल के चोपनी खुर्द स्कूल से संगीता सोनी, अलकेश मालवीय, राधिका नरवरे, प्रीति जैन, गोपाल कारे, महेश चौहान, दुर्गा देशमुख एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन आवाज के विकासखंड समन्वयक विनीत धोटेकर ने किया एवं भावना मस्की, संगीता लिखितकर का कार्यक्रम मे सहयोग रहा।

कार्रवाही गंज क्षेत्र की पूर्ववर्ती चोरी का भी खुलासा

सहकारी बैंक में चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। पुलिस ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा खेड़ीकोर्ट में चोरी का प्रयास कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम खेड़ीकोर्ट स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में मुख्य गेट का ताला तोड़कर एवं खिड़की तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। प्रबंधक की रिपोर्ट पर थाना सांईखेड़ा में धारा 331(4), 305(क), 62 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देश पर सांईखेड़ा, कोतवाली

एवं गंज थाने से संयुक्त पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। इलाके की घेराबंदी कर संदिग्धों से पूछताछ की गई, जिसमें रोहित पिता किशीरी धुर्वे निवासी कुंडई एवं राकेश पिता मेहबू बरकड़े निवासी बोरी खुर्द थाना आमला ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वे पिछले दो वर्षों से खेड़ीकोर्ट बैंक में चोरी की योजना बना रहे थे। गैस कटर उपलब्ध न होने के कारण वे लोहे की सब्बल एवं पाना लेकर बैंक में घुसे थे, परंतु पुलिस की गश्त से डरकर भाग गए थे। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने थाना गंज क्षेत्र में पूर्व में हुई ताला तोड़कर की गई चोरी की वारदाते करना भी स्वीकार किया है, जिसकी कुछ राशि की बरामदगी की गई है।

तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार : पुलिस ने उक्त मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें रोहित पिता किशीरी धुर्वे, निवासी कुंडई, राकेश पिता मेहबू बरकड़े, निवासी बोरी खुर्द थाना आमला, रोहित पिता दीपचंद उइके, उम्र 25 वर्ष, निवासी उमनपेठ किया है, वहीं एक अन्य आरोपी फरार, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से लोहे की दो सब्बल, एक पाना और मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 48 जेडजी 6659 जब्त की है। इस कार्रवाही मकें निरीक्षक राजन उइके, थाना प्रभारी सांईखेड़ा, निरीक्षक रविकांत डेहरिया, थाना प्रभारी कोतवाली बैतूल, उप निरीक्षक पूनमचंद साहू एवं उप निरीक्षक रवि शाक्य, प्रआर शिव उइके, तरुण पटेल, आरक्षक नितिन चौहान, अनिल बेलवंशी (कोतवाली), अनिरुद्ध यादव, प्रदीप कहार (गंज थाना), प्रआर विनय जैसवाल, दिलीप झरबड़े, रामानंद धुर्वे, राजकुमार धुर्वे, अहमद अली, रविन्द्र नागले, देवेंद्र ठाकुर, संतराम उइके, विनोद साहू, विकास जैन, आदित्य बेले, कुमेश इवनाती सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

विद्यार्थी स्केटिंग और रोल बॉल के लिए चयनित

मुलताई। नगर के वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के **24 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय स्केटिंग और रोल बाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।**

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों का चयन

विद्यार्थी जिला स्तर पर दिखायेंगे खेल कौशल

विकासखंड खेलकूद प्रभारी महेश खत्री ने बताया कि पूरे ब्लॉक में एक मात्र वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ही है जिसमें स्केटिंग और रोल बॉल की क्लासेस होती है, जिसमें विद्यार्थी भी बड़े आनंद के साथ में सीखते हैं, स्केटिंग और रोल बॉल की प्रतियोगिता में 150 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 24 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। प्रतियोगिता वीआईपी स्कूल की स्केटिंग कोच दीपमाला शिवहरे के नेतृत्व में संपन्न हुई। संस्था के सचिव प्रदीप डांगे और प्राचार्य नीतू शर्मा विद्यार्थियों के साथ कोच दीपमाला शिवहरे को भी बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कर्ष प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई है। चयनित विद्यार्थियों में अभियान नरगिस, परीक्षित डांगे, प्रथम पाल, मयूर, रियांश शिवहरे, हिमांशु पवार, दीपांशु पवार, कार्तिक बुवाडे, यश पाटणकर, विवेक सबले, गणेश, दक्ष सोनी, निपुण गुप्ता, यशंक अग्रवाल, साहिल बुवाडे, कपिल कुशवाहा, कुहू अग्रवाल, दृष्टि, हंसिका खंडवे, हिमांशी पवार शामिल है।